कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री सोमोत्याराम मीना पुत्र श्री किशन लाल मीना ग्राम पोस्ट हुड़ला (सेड़पाड़ा), तहसील महवा, जिला दौसा, राजस्थान–321608

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार) महवा, जिला दौसा

अपील सं0 37/2019

निर्णय दिनांक : 16.09.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, ((तहसीलदार) महवा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर अपीलांट ने यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) महवा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकःडी0एम0/कोर्ट/2019/1928 दिनांक 29.08.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से यह तथ्य प्रकट होता है कि तहसीलदार (भू0अ0) महवा, जिला दौसा द्वारा उनके पत्रांक एल आर/19/1753 दिनांक 11.09.2019 द्वारा अपीलांट को सूचना प्रेषित की गई है। जिसमे अपीलांट को पत्रांक 1286 दिनांक 29.07.2019 द्वारा भी सूचना भिजवाने का उल्लेख किया गया है। जिसकी प्रति भी पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है अपीलांट को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official